Topic- अध्यापक शिक्षा में अनुसंधान के क्षेत्र
Areas of Research in Teacher Education
Innovation in Teacher Education

अध्यापक शिक्षा के नियोजित (Planned) व समन्वित विकास (Co-ordinated Development) की दृष्टि से अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देना आवश्यक माना जाता है। इसके लिए अनुसंधान तथा नवाचार को बढ़ावा देना, अनुसंधान परिणामों का फैलाव (Dissemination) करना, एवं शिक्षा संस्थाओं, अध्यापक प्रशिक्षण विभागों, विश्वविद्यालयी शिक्षा विभागों तथा वैयक्तिक अनुसंधानकर्ताओं को शैक्षिक शोध कार्यों के लिए प्रोत्साहित करना अत्यन्त महत्वपूर्ण व आवश्यक है।

किसी भी अनुसंधान कार्य हेतु समस्या का चयन करने से पूर्व सम्बन्धित विषय में अनुसंधान के क्षेत्रों, विशेषकर वांछित क्षेत्रों की पहचान करके किसी एक क्षेत्र का निर्धारण किया जाता है। वस्तुतः चयनित अनुसंधान क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं, जिज्ञासाओं, कमियों या शोध रिक्तियों के सम्यक् विश्लेषण के आधार पर ही अनुसंधानकर्ता किसी ऐसे सीमित, परिष्कृत स्पष्ट व उपयोगी अनुसंधान प्रश्न तक पहुँच सकता है जिसका समाधान करना उद्देश्यपरक, व्यावहारिक तथा ज्ञान के सृजन को प्रोत्साहित करना है।

शैक्षिक अनुसंधान के प्रमुख क्षेत्रों को निम्नवत ढंग से

(i) प्रारम्भिक शिक्षा का सार्वभौमिकरण
(ii) अध्यापक शिक्षा प्रशिक्षण व सुधार
(iii) शैक्षिक प्रौद्योगिकी व शिक्षण दक्षताएँ
(iv) समाज व शिक्षा के परिप्रेक्ष्य
(v) प्रशासन, नियोजन तथा प्रबन्धन
(vi) पाठ्यक्रम, पाठ्यचर्या तथा पाठ्य पुस्तकें
(vii) नवाचार तथा प्रयोग
(viii) मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा
(ix) वंचित वर्गों की शिक्षा
(x) शिक्षण अधिगम तथा प्रक्रिया
(xi) परीक्षा, मूल्यांकन तथा प्रमाणीकरण

Scanned with CamScanner